# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 09.02.2026**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में  जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी**

**पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा थाना गोला पर महा शिवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था एवं गोला गोकर्णनाथ मंदिर का भ्रमण किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।**



आज दिनांक 09 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा थाना गोला पर महाशिवरात्रि के दृष्टिगत गोला गोकर्णनाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था  की तैयारियों के संबंध में पुलिस व्यवस्थापन के साथ साथ समस्त व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु संबंधित  को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 45 लीटर अवैध शराब बरामद कर 03 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **45 लीटर अवैध कच्ची शराब** बरामद कर **03 नफर** अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **03 अभियोग** पंजीकृत किये गये